# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 04.11.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला,दैनिक जागरण,हिंदुस्तान, आई नेक्स्ट, ज्ञानशिखा टाइम्स,परफेक्ट मिशन,न्यायाधीश,तरुण मित्र," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 04.11.2025

विमर्श

वीडीए और क्रेडाई पूर्वांचल की हुई बैठक में शहर के नियोजन और निवेश पर की गई चर्चा

### बिल्डर से समन्वय कर तेजी से कराया जाएगा काम

माई सिटी रिपोर्टर

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने सोमवार को शहर के बिल्डर्स के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी बिल्डर का परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सभी प्रपोजल्स पर प्राधिकरण एवं बिल्डर्स के मध्य समन्वय स्थापित कर फास्ट ट्रैक मोड पर कार्य किया जाएगा। ताकि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तीव्रता लाई जा सके।

बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने सभी बिल्डर्स से आग्रह किया कि वे नए-नए विकासात्मक विचार एवं सुझाव साझा करें ताकि काशी के समग्र विकास को और गति प्रदान की जा सके। वीडीए उपाध्यक्ष ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि विकास प्राधिकरण सभी के लिए संवाद और सहयोग का मंच है। उन्होंने बिल्डरों को भरोसा दिलाया कि नक्शा पास कराने या तकनीकी बाधाओं जैसी किसी भी समस्या के समाधान के लिए वे व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध रहेंगे।

संरक्षक आरसी जैन ने कहा कि विकास तभी सार्थक है जब जमीन से जुड़े मुद्दों को धरातल पर हल किया जाए। वहीं, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने फायर फाइटिंग उपकरणों, हाई फ्लड लेवल की तकनीकी अड़चनों और जोनल डेवलपमेंट प्लान को शीघ्र लागू करने पर जोर दिया। बैठक में प्रमुख बिल्डर्स, डेवलपर्स और पदाधिकारी शामिल हुए।



वीडीए उपाध्यक्ष के साथ क्रेडाई पूर्वांचल के सदस्य। स्रोत - स्वयं

#### निवेश-नियोजन पर की चर्चा

क्रेडाई पूर्वांचल के चेयरमैन आकाश दीप ने कहा कि यह बैठक प्रशासन और रियल एस्टेट समुदाय के बीच सहयोग का नया अध्याय है। वाराणसी अब योजनाबद्ध शहरीकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस संवाद से भविष्य की परियोजनाओं को नई दिशा मिलेगी। सचिव प्रशांत केजरीवाल ने कहा कि क्रेडाई हमेशा प्राधिकरण के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्रीन एरिया में टेलिस्कोपिक कैलकुलेशन लागू करने के प्रस्ताव को भी आगे बढ़ाने की बात कही।

## दैनिक जागरण –दि0 04.11.2025

### सुरक्षा मानकों में किसी को ढील नहीं : पुर्ण वोरा

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुर्ण वोरा ने कार्यभार ग्रहण करने के साथ अस्पताल, नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक सेंटरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। उन्होंने सभी जोनल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने जोन में एक-एक अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों पर जाकर देखें कि उनका वीडीए से नक्शा पास है या नहीं। सुरक्षा मानकों के साथ देखें कि नक्शा पास है तो पूर्णतया प्रमाणपत्र (सीसी) लिए है या नहीं। यदि वीडीए से मानचित्र स्वीकृत और सीसी नहीं लिए हैं तो उन्हें नोटिस जारी करने के साथ शमन मानचित्र दाखिल करने को कहें। फिर भी संचालक शमन मानचित्र दाखिल नहीं करते हैं तो 15 दिन की मोहलत देते हुए अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटरों को सील करने की कार्रवाई करें। सुरक्षा को लेकर किसी संचालक को ढील नहीं दी जा सकती है।



पुर्ण वोरा, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण।

#### जानमाल की सुरक्षा है वीडीए का उद्देश्य : उपाध्यक्ष

उपाध्यक्ष पुर्ण वोरा ने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य अस्पताल, नर्सिंग होम व डायग्नोस्टिक सेंटर संचालक का उत्पीड़न नहीं, बल्कि जानमाल की सुरक्षा है। जांच में मिला कि उन स्थानों पर भी अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है जहां फायर ब्रिगेड की गाड़ियां नहीं पहुंच सकती हैं। मरीजों की सुविधा और सुरक्षा जनहित में जरूरी है। शमन या अस्पताल के लिए मानचित्र दाखिल करने पर प्राथमिकता पर पास किया जाएगा।

वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश नगर नियोजन और विकास अधिनियम-1973 के अंतर्गत किसी भी भवन निर्माण से पूर्व नियमानुसार मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। इसी प्रकार पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत पंजीकृत या पंजीकृत होने वाले सभी अस्पतालों व डायग्नोस्टिक सेंटरों के लिए मानचित्र स्वीकृति अनिवार्य है। अस्पतालों की इमारतें, उनके उपयोग, सुरक्षा मानकों व निर्माण की वैधता पूर्णतया नियमानुसार हो, जिससे आमजन की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित की जा सके। प्राधिकरण के संज्ञान में आया है कि जिले में अस्पताल व डायग्नोस्टिक सेंटर वीडीए से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए संचालित हो रहे हैं। मानकों को दरकिनार कर संचालन किया जा रहा है।

**वीडीए की विशेष टीम होगी गठित:** उपाध्यक्ष ने बताया कि वीडीए की ओर से जोनल अधिकारी के साथ अन्य अधिकारियों की विशेष टीम गठित की गई है जो जिले के सभी अस्पताल, नर्सिंग होम व डायग्नोस्टिक सेंटरों का स्थलीय निरीक्षण करेगी, जो पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत हैं। निरीक्षण के दौरान बिना नक्शे से संचालन पाया जाता है तो मौके पर नोटिस जारी करने के साथ 15 दिन की मोहलत दी जाएगी। इस दौरान भर्ती मरीज को दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर दें जिससे सील करने में आसानी हो।

## दैनिक जागरण –दि0 04.11.2025

# शहर का विकास तभी सार्थक होगा जब जमीन से जुड़े मुद्दे बनाएंगे व्यावहारिक



पूर्वांचल रियल एस्टेट एसोसिएशन क्रेडाई और प्रिया का प्रतिनिधिमंडल वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण वोरा (बीच में) के साथ● जागरण

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** पूर्वांचल रियल एस्टेट एसोसिएशन (क्रेडाई पूर्वांचल) और (प्रिया) का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुर्ण वोरा से मिला। उसके साथ ही रियल एस्टेट एसोसिएशन ने वीडीए उपाध्यक्ष संग बैठक कर शहर के विकास को लेकर चर्चा की।

बिल्डरों ने कहा कि शहर के विकास को लेकर हम तैयार है लेकिन बिना वीडीए के सहयोग के संभव नहीं है। क्रेडाई पूर्वांचल के चेयरमैन आकाश दीप ने कहा कि काशी को योजनाबद्ध और आधुनिक शहर के रूप में स्थापित करने की जरूरत है। आरसी जैन ने कहा कि शहर का विकास तभी सार्थक होगा, जब जमीन से जुड़े मुद्दों को व्यावहारिक दृष्टिकोण से सुलझाया जाए। कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में फायरफाइटिंग उपकरणों की उपलब्धता, हाई फ्लड लेवल (एचएफएल) से संबंधित तकनीकी अड़चनों का समाधान और जोनल डेवलपमेंट प्लान का शीघ्र क्रियान्वयन रियल एस्टेट सेक्टर के लिए बहुत जरूरी है। बैठक में आरसी. जैन, वीके मालू, आकाश दीप, प्रशांत केजरीवाल, जितेन्द्र सिंह, अनूप दुबे, संतोष राणा, अभिषेक अग्रवाल, आशुतोष सिंह, अंबर जैन, प्रकाश अग्रवाल, ओमप्रकाश ओझा, विभव जायसवाल, अजय सिंह, आशुतोष राय आदि मौजूद रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## आईनेक्स्ट –दि0 04.11.2025

**विडंबना** पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत हॉस्पिटल व सेंटरों के लिए नक्शा अनिवार्य

# सिटी में बिना नक्शा पास कराए खड़े हो गए हॉस्पिटल्स

**UPDATE**

**बिना स्वीकृति मानचित्र चल रहे हॉस्पिटल व डायग्नोस्टिक सेंटरों पर कार्रवाई तय**

varanasi@inext.co.in

VARANASI (3 Nov ): शहर के नर्सिंग होम और पैथालॉजी संचालक अलर्ट हो जाएं. वाराणसी विकास प्राधिकरण ने शहर के ऐसे हास्पिटलों को सर्च करना शुरू कर दिया है जो वीडीए से नक्शा पास कराए बगैर ही संचालन कर रहे हैं. इसके लिए वीडीए ने जोन वाइज टीम का भी गठन किया है. टीम अपने-अपने जोन में जाकर हास्पिटल और पैथालॉजी की जांच करेंगे कि इनके पास वीडीए से स्वीकृत नक्शा है या नहीं. अगर नहीं है तो इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

**907 रजिस्टर्ड हॉस्पिटल**

शहर में 907 रजिस्टर्ड हॉस्पिटल और पैथोलॉजी हैं. इनमें से कई ऐसे हैं जिनके पास नक्शा ही नहीं है.




नर्सिंग होम संचालकों के खिलाफ पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी. वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने बताया कि उत्तर प्रदेश नगर नियोजन और विकास अधिनियम -1973 की सुसंगत धाराओं के तहत किसी भी भवन निर्माण से पूर्व नियमानुसार मानचित्र स्वीकृत होना अनिवार्य है. इसी प्रकार पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत पंजीकृत अथवा पंजीकृत होने वाले सभी चिकित्सालयों एवं डायग्नोस्टिक सेंटरों के लिए मानचित्र स्वीकृति कराना अनिवार्य है. यह प्रावधान इस उद्देश्य से किया गया है कि चिकित्सा संस्थानों की इमारतें, उनके उपयोग, सुरक्षा मानकों एवं निर्माण की वैधता पूर्णतः नियमानुसार हो, जिससे आम जनता की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित की जा सके.

**विशेष टीम का गठन**

बिना नक्शा के चलते हास्पिटलों के खिलाफ एक्शन लेने के लिए वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने विशेष टीम का गठन किया है. टीम जोन वाइज हॉस्पिटल, नर्सिंग होम एवं डायग्नोस्टिक सेंटरों का सर्वेक्षण और स्थल निरीक्षण करेंगे जो पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत हैं या बिना नक्शा पास कराए ही हास्पिटल का संचालन कर रहे है. निरीक्षण के दौरान यदि कोई संस्थान बिना स्वीकृत मानचित्र के मिलता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी. इसमें नोटिस दिया जाना, निर्माण सील करना तथा अन्य प्रभावी विधिक कार्रवाई की जाएगी.

**"शहर के सुनियोजित विकास के लिए और मरीजों की सुरक्षा के लिए हास्पिटलों को नक्शा पास कराना अनिवार्य है. कई ऐसे हास्पिटल हैं जो बिना नक्शा के ही मरीजों को भर्ती कर रहे हैं.**

**पूर्ण बोरा,** उपाध्यक्ष वीडीए

**वीडीए उपाध्यक्ष के साथ एसोसिएशन ने की उच्चस्तरीय बैठक**



शहर के सुनियोजित विकास के लिए सोमवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में रियल एस्टेट सेक्टर के निवेश, बुनियादी ढांचे और शहरी नियोजन से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई. उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने कहा कि प्राधिकरण सभी प्रकार के संवाद के लिए सदैव खुला है. हमारा उद्देश्य यह है कि विकास कार्यों में रचनात्मक और यदि किसी बिल्डर या डेवलपर को नक्शा पास कराने में किसी प्रकार की कठिनाई आती है, तो वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं. क्रेडाई पूर्वांचल के चेयरमैन आकाश दीप ने कहा कि यह बैठक प्रशासन और डेवलपर समुदाय के बीच संवाद की नई शुरुआत है, जो भविष्य में वाराणसी को योजनाबद्ध और आधुनिक शहर के रूप में स्थापित करेगी. क्रेडाई पूर्वांचल के संरक्षक आरसी. जैन एवं वीके. मालू, चेयरमैन आकाशदीप, सचिव प्रशांत केजरीवाल, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष अनूप दुबे एवं संतोष राणा, वरिष्ठ सदस्य अभिषेक अग्रवाल, आशुतोष सिंह, अंबर जैन, प्रकाश अग्रवाल, ओमप्रकाश ओझा, विभव जायसवाल, अजय सिंह एवं अशुतोष राय मौजूद थे.

## हिन्दुस्तान –दि0 04.11.2025

# नक्शा पास कराने में कठिनाई पर करें संपर्क

**बोले वीडीए वीसी**

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। भवन निर्माण, मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया, शहरी नियोजन विषय पर सोमवार को क्रेडाई पूर्वांचल से जुड़े बिल्डरों, आर्किटेक्टों की बैठक वीडीए मुख्यालय में हुई। वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने कहा कि प्राधिकरण संवाद के लिए तैयार है। विकास कार्यों में रचनात्मक और आधुनिक विचारों को शामिल किया जाएगा जिससे शहर अधिक सुन्दर और सुव्यवस्थित बन सके। यदि किसी बिल्डर या डेवलपर को नक्शा पास कराने में कठिनाई आती है तो वह सीधे संपर्क कर सकते हैं।



वीडीए के नए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा के साथ क्रेडाई पूर्वांचल के पदाधिकारी।

क्रेडाई पूर्वांचल के चेयरमैन आकाश दीप ने कहा कि यह बैठक प्रशासन और डेवलपरों के बीच संवाद की शुरुआत है जो भविष्य में काशी को योजनाबद्ध और आधुनिक शहर के रूप में स्थापित करेगी। सचिव प्रशांत केजरीवाल ने कहा कि क्रेडाई हमेशा साथ मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध है। कहा कि ग्रीन एरिया में टेलिस्कोपिक कैलकुलेशन की अनुमति का प्रस्ताव रखा गया था। यदि लागू किया जाता है तो कई लंबित प्रोजेक्ट्स तत्काल जमा हो सकेंगे।

संरक्षक आरसी जैन ने कहा कि विकास तभी सार्थक होगा जब जमीन से जुड़े मुद्दों को सुलझाया जाए। कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में फायर फाइटिंग उपकरणों की उपलब्धता, हाई फ्लड लेवल से संबंधित तकनीकी अड़चनों का समाधान और जोनल डेवलपमेंट प्लान का क्रियान्वयन जरूरी है। इससे पूर्व क्रेडाई पूर्वांचल के पदाधिकारियों ने वीडीए उपाध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर क्रेडाई पूर्वांचल के वीके मालू, उपाध्यक्ष अनूप दुबे, संतोष राणा, अभिषेक अग्रवाल, आशुतोष सिंह, अंबर जैन, प्रकाश अग्रवाल, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स –दि0 04.11.2025

### आर्किटेक्ट्स के साथ उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण की बैठक - पारदर्शी एवं त्वरित कार्यप्रणाली पर बल

वाराणसी । विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुर्ण बोरा द्वारा शहर के आर्किटेक्ट्स के साथ एक बैठक आहूत की गई।बैठक के प्रारंभ में



उपाध्यक्ष द्वारा सभी उपस्थित आर्किटेक्ट्स का परिचय प्राप्त किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रक्रियात्मक समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित व्यक्ति उपाध्यक्ष कार्यालय में प्रतिदिन प्रातः 10-00 से 12-00 बजे के मध्य आकर मिल सकते हैं। सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।बैठक के दौरान आर्किटेक्ट्स द्वारा बताया गया कि विभिन्न विभागों से हहृष्ट प्राप्त करने की प्रक्रिया में अधिक समय व्यतीत होता है, जिससे कार्यों की गति प्रभावित होती है।

इस पर उपाध्यक्ष द्वारा समस्या के त्वरित एवं व्यावहारिक समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार एवं सहायक नगर नियोजक सौरभ जोशी उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश –दि0 04.11.2025

### आर्किटेक्ट्स के साथ उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण ने की बैठक



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोराङ द्वारा शहर के आर्किटेक्ट्स के साथ एक बैठक आहूत की गई।बैठक के प्रारंभ में उपाध्यक्ष महोदय द्वारा सभी उपस्थित आर्किटेक्ट्स का परिचय प्राप्त किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रक्रियात्मक समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित व्यक्ति उपाध्यक्ष कार्यालय में प्रतिदिन प्रातः 10:00 से 12:00 बजे के मध्य आकर मिल सकते हैं। सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। बैठक के दौरान आर्किटेक्ट्स द्वारा बताया गया कि विभिन्न विभागों से NOC (No Objection Certificate) प्राप्त करने की प्रक्रिया में अधिक समय व्यतीत होता है, जिससे कार्यों की गति प्रभावित होती है।इस पर उपाध्यक्ष महोदय द्वारा समस्या के त्वरित एवं व्यावहारिक समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया गया।बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार एवं सहायक नगर नियोजक सौरभ जोशी उपस्थित रहे।

## परफेक्ट मिशन –दि0 04.11.2025

# वीडीए उपाध्यक्ष ने काशी के विकास को लेकर बिल्डर्स के साथ की बैठक

**परफेक्ट मिशन**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा द्वारा वाराणसी जनपद के विभिन्न बिल्डर्स के साथ सोमवार को एक बैठक आहूत की गई।बैठक के प्रारंभ में उपाध्यक्ष द्वारा सभी उपस्थित बिल्डर्स का परिचय प्राप्त किया गया।



बैठक में ए आर सी बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, रोमा बिल्डर्स, वी एच वी बिल्डर्स, युवान इंफ्रास्ट्रक्चर, अर्डोर्न रियल्टी, श्रीकांत ग्रुप कंस्ट्रक्शन, रूद्रा ग्रुप, गोकुल कंस्ट्रक्शन, एस एस बी ग्रुप, विंसम डेवलपर, काशी इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य क्रेडाई सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष द्वारा सभी बिल्डर्स से आग्रह किया गया कि वे नये-नये विकासात्मक विचार एवं सुझाव साझा करें, जिससे काशी के समग्र विकास को और गति प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या अथवा सुझाव हेतु बिल्डर्स प्रतिदिन प्रातः 10:00 से 12:00 बजे के मध्य व्यक्तिगत रूप से मिल सकते हैं तथा प्रत्येक मुद्दे का त्वरित समाधान किया जाएगा।उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि सभी प्रपोजल्स पर प्राधिकरण एवं बिल्डर्स के मध्य समन्वय स्थापित कर फास्ट ट्रैक मोड पर कार्य किया जाएगा, जिससे परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तीव्रता लाई जा सके। साथ ही, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्लान पर संयुक्त रूप से कार्य करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

बैठक के दौरान उपस्थित बिल्डर्स द्वारा यह विषय रखा गया कि वर्तमान में वाराणसी में हाई-राइज बिल्डिंग्स का निर्माण कार्य प्रगति पर है, परंतु उपलब्ध फायर फाइटिंग उपकरण एवं फायर टेंडर वाहन पुराने हैं जो अधिक ऊँचाई तक कार्य करने में सक्षम नहीं हैं। साथ ही, फायर स्टेशनों की संख्या बढ़ाने की भी आवश्यकता बताई गई।उपाध्यक्ष द्वारा सभी सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके उचित समाधान का आश्वासन प्रदान किया गया।बैठक के दौरान वाराणसी विकास प्राधिकरण के नगर नियोजक प्रभात कुमार एवं सहायक नगर नियोजक सौरभ जोशी उपस्थित रहे।

## तरूण मित्र –दि0 04.11.2025

# वीडीए वीसी पुर्ण बोरा ने जनपद के बिल्डर्स व आर्किटेक्ट्स संग की बैठक

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा द्वारा वाराणसी जनपद के विभिन्न बिल्डर्स के साथ सोमवार को एक बैठक आयोजित कर सभी बिल्डर्स से आग्रह किया गया कि वे नये-नये विकासात्मक विचार एवं सुझाव साझा करें, जिससे काशी के समग्र विकास को और गति प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या अथवा सुझाव हेतु बिल्डर्स प्रतिदिन प्रातः 10:00 से 12:00 बजे के मध्य व्यक्तिगत रूप से मिल सकते हैं तथा प्रत्येक मुद्दे का त्वरित समाधान किया जाएगा।



वीडीए वीसी पुर्ण बोरा बिल्डर्स व आर्किटेक्ट्स संग बैठक करते हुए

वीडीए उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि सभी प्रपोजल्स पर प्राधिकरण एवं बिल्डर्स के मध्य समन्वय स्थापित कर फास्ट ट्रैक मोड पर कार्य किया जाएगा, जिससे परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तीव्रता लाई जा सके। साथ ही, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्लान पर संयुक्त रूप से कार्य करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।बैठक में उपाध्यक्ष द्वारा सभी सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके उचित समाधान का आश्वासन प्रदान किया गया।बैठक में शहर के सभी बिल्डर्स व क्रेडाई के सदस्य गण मौजूद रहे, वहीं वीडीए से नगर नियोजक प्रभात कुमार एवं सहायक नगर नियोजक सौरभ जोशी उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने शहर के आर्किटेक्ट्स के भी एक बैठक आयोजित कर सभी का परिचय प्राप्त किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रक्रियात्मक समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित व्यक्ति उपाध्यक्ष कार्यालय में प्रतिदिन प्रातः 10:00 से 12:00 बजे के मध्य आकर मिल सकते हैं। सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।